# उल्हासनगर मनपा में 997 करोड़ का बजट पेश

- खर्च 970 करोड़ रुपये और बाकी सिर्फ 14.16 लाख रुपये
- स्मार्ट सड़कों, स्मार्ट स्कूलों को प्राथमिकता



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा का वित्त वर्ष 2026-2027 के लिए 997.23 करोड़ रुपये का ओरिजिनल बजट मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने बुधवार को जनरल असेंबली में पेश किया। खास बात यह है कि 29 साल बाद कमिश्नर ने प्रशासन की तरफ से सीधे महापौर को बजट पेश किया। मनपा आयुक्त द्वारा पेश किए गए बजट में 14.16 लाख रुपये का बैलेंस है और यह शहर के ओवरऑल डेवलपमेंट के लिए पांच पॉइंट वाली पॉलिसी पर आधारित है। इंफ्रास्ट्रक्चर कंप्यूटराइजेशन और एनवायरनमेंट-फ्रेंडली डेवलपमेंट को खास प्राथमिकता दी गई है।

बजट में कुल 997.23 करोड़ रुपये की इनकम का अनुमान है, जिसमें 587.59 करोड़ रुपये रेवेन्यू और 285.65 करोड़ रुपये कैपिटल इनकम शामिल है। खर्च की बात करें तो, रेवेन्यू के लिए 597.41 करोड़ रुपये और कैपिटल डेवलपमेंट के काम के लिए 372.71 करोड़ रुपये रखे गए हैं। शहर में डेवलपमेंट के काम में तेज़ी लाने के लिए स्मार्ट सड़कों, स्मार्ट स्कूलों और स्टेट-ऑफ-द-आर्ट हेल्थ सेंटर के लिए काफी पैसे रखे गए हैं। इसमें सड़क डेवलपमेंट के लिए 176.21 करोड़ रुपये और पानी की सप्लाई सुधारने के लिए 76.65 करोड़ रुपये दिए गए हैं। साथ ही, महिलाओं, बच्चों और ट्रांसजेंडर्स की भलाई के लिए 10 करोड़ रुपये से ज़्यादा रखे गए हैं।




उल्हासनगर मनपा के वित्त वर्ष 2025-26 के रिवाइज्ड बजट और साल 2026-27 के ओरिजिनल बजट के लिए रखी गई स्पेशल मीटिंग में महापौर अश्विनी निकम, उप महापौर अमर लुंड, अतिरिक्त आयुक्त डॉ. धीरज चव्हाण, मनपा सचिव, सभी उपायुक्त, चीफ अकाउंट्स ऑफिसर, चीफ ऑडिटर, सिटी इंजीनियर, सभी असिस्टेंट कमिश्नर, सभी अकाउंट हेड, ऑफिसर, कॉर्पोरेटर और कर्मचारी मौजूद थे।

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पानी के टैरिफ में बढ़ोतरी को जनरल असेंबली की मंजूरी से रिवाइज्ड किया गया है और प्रॉपर्टी टैक्स के साथ लगाई गई पानी की फीस को अलग नहीं किया जाएगा। यह बजट तैयार करते समय, इनकम के सभी पहलुओं का ध्यान से अध्ययन करके और असल में मिली कुल इनकम को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया गया है। नगर निगम को बेसिक सर्विस, लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे दलित बस्ती सुधार योजना, महाराष्ट्र स्वर्ण जयंती शहरी मिशन, भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर सामाजिक विकास योजना वगैरह जैसी अलग-अलग स्कीमों से मिलने वाले फंड को ध्यान में रखते हुए, साल 2025-26 के लिए 901 करोड़ 85 लाख रुपये का रिवाइज्ड बजट तैयार किया गया है। फाइनेंशियल साल 2026-27 के लिए 999 करोड़ 23 लाख रुपये का बेसिक बजट प्रपोज़ किया गया है।

कुल मिलाकर, यह बजट एक 'स्मार्ट, डिजिटल और सस्टेनेबल उल्हासनगर' बनाने का एक कॉम्प्रिहेंसिव प्लान है। हालांकि, इस बजट की असली सफलता ट्रांसपेरेंसी, टाइम प्लानिंग और कागज पर प्लान को लागू करते समय रेवेन्यू ग्रोथ की असलियत पर निर्भर करेगी।


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 44 ■ अंक : 22 ■ शुक्रवार 27 मार्च 2026 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.
Mobile.:- 9822045566
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe
epaper.ulhasvikas.com




"हमारी कोशिश है कि उल्हासनगर का विकास सिर्फ़ कागज़ों पर लिखे आंकड़ों तक सीमित न रहे, बल्कि नागरिकों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी में महसूस हो। 2026-27 का बजट पेश करते समय, हमने पाँच सिद्धांतों पर ज़ोर दिया है : स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल सर्विस, इको-फ्रेंडली पहल, रेवेन्यू ग्रोथ और इनक्लूसिव डेवलपमेंट। यह बजट महिलाओं, दिव्यांगों, ट्रांसजेंडर कम्युनिटी, स्टूडेंट्स, सीनियर सिटिज़न्स और आम टैक्सपेयर्स को सेंटर में रखकर तैयार किया गया है। हमारा लक्ष्य उल्हासनगर को एक काबिल, मॉडर्न और सिटिज़न-ओरिएंटेड शहर बनाना है।

**मनीषा आव्हाले**, मनपा आयुक्त, उल्हासनगर.

## साइकिलिंग कर रहे व्यवसायी को कार ने टक्कर मारी, मौत



- नाबालिग चालक गिरफ्तार

**कल्याण.** कल्याण में एक हिट-एंड-रन मामले में 42 साल के बिजनेसमैन की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान श्रीनिवास टंडले के रूप में हुई है, जो कई गारमेंट दुकानों के मालिक थे। उन्होंने मंगलवार को फिटनेस के लिए साइकिलिंग शुरू की थी।

रात करीब 8 बजे कल्याण रिंग रोड जब वे साइकिल चला रहे थे, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे बिजनेसमैन हवा में उछलकर सड़क पर गिरे। बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार, कार 17 साल का नाबालिग चला रहा था। हादसे के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसे बुधवार को पकड़ लिया गया। पुलिस ने CCTV फुटेज के आधार पर कार की पहचान की और उसे कल्याण में आरोपी के घर की पार्किंग से बरामद किया।

खडकपाड़ा पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले 21 फरवरी को भी इसी तरह के हादसे में एक 50 साल का व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ था। लोगों ने सड़क सुरक्षा के लिए जल्द बैरिकेड लगाने और अधूरे काम को पूरा करने की मांग की है।

## अंबरनाथ में तीन मटका अड्डों पर पुलिस का छापा

- 10 जुआरी पकड़े गए
- शेष धड़ल्ले से चल रहे मटका अड्डों पर कार्रवाई कब?

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में 3 मटका अड्डे पर छापा मारकर पुलिस ने 20 से 25 जुआरियों को पकड़ा है, लेकिन पुलिस ने केवल 10 जुआरियों को पकड़ने का दावा किया है. शहर पश्चिम में विमको नाका संजय के पास, मोरीवली नाका कामगार पुतले के पास एवं पूर्व में साईलीला लॉज के पास छापा मारकर पप्पू कनोजिया, रफीक शेख, कैलाश मारुति, सनी गायकवाड़, विकास लोंढे और मंजू पन्हाले को पकड़ा है, तो शहर पूर्व से रवि पंढरी पावशे, सुनिल जाधव, हनुमंता नलगर और भानुदास लहाने को मटका जुआ पैसे लगाकर खेलते हुए पकड़ा है. ये तीनों छापे 25 मार्च की रात में 10 से 11.30 बजे के बीच में मारे गए हैं. विमको नाका, संजय नगर के पास तो पुलिस ने मटका अड्डे पर 6 से सात घंटे तक थी. पता चला कि 20 से 25 जुआरी पकड़े गए हैं, लेकिन बाद में बताया गया कि यहां से केवल तीन लोगों को पकड़कर मटका जुआ के साहित्य एवं रकम जब्त की गई है.

इन सब पर महाराष्ट्र जुआ अधिनियम 12 (अ) के अनुसार कार्रवाई की गई है. पकड़े गए जुआरियों में मटका जुआ की चिट्ठी लिखने वाले भी हैं. शहर पश्चिम के सिंधी गली नं. 6 और 7 में भी एवं शहर पूर्व में बॉम्बे होटल के पास पुलिस की नाक के नीचे जोरों से मटका जुआ चल रहा है. इस पर कार्रवाई कब होगी, ऐसा यहां के दुकानदारों का कहना है.

## केमिकल कंपनी के मालिक के साथ लाखों का फ्राड

- मिनिस्ट्री आफ डिफेंस का आर्मी मेन बताकर धोखाधड़ी

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के एक केमिकल कंपनी के मालिक को एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को मिनिस्ट्री आफ डिफेंस का आर्मी बताकर लेबोरेटरी के लिए बरोमाइन लिक्विड की मांग कर 4 लाख 30 हजार रुपयों की धोखाधड़ी की है. अंबरनाथ पुलिस ने नकली आर्मी कुनाल चौधरी के खिलाफ साइबर क्राइम फ्राड के अनुसार अपराध दर्ज किया है. अंबरनाथ निवासी एवं हेलाइड केमिकल के प्रोप्रायटर राजेंद्र नामदेव बडगुजर (59) ने अंबरनाथ पुलिस को बताया कि 22 जनवरी 2026 से 27 जनवरी के बीच की घटना है. उन्हें फोन पर एक अज्ञात व्यक्ति ने अपना नाम कुणाल चौधरी बताकर कहा कि वह आर्मी में है. उसको मेडिकल लैब के लिए कमेकिल लिक्विड बरोमाइन 1008 किलो चाहिए. उसने उन्हें नकली एयरफोर्स का ईमेल आईडी मिनिस्ट्री आफ डिफेंस आफिस और मोबाइल फोन पर संपर्क करके एयर फोर्स पब्लिक फंड एकाउंट्स, एएफएस मुंबई के नाम से पर्चेस आर्डर भेजकर कहा कि सिक्युरिटी डिपाजिट के तौर पर उन्हें 4 लाख 30 हजार 409 रुपए भरना है. आनलाइन से उसने ये रकम वसूल कर लिया. राजेंद्र ने ये माल एयरफोर्स स्टेशन मुंबई 400029 कालीना मिलिट्री कैम्प के पते पर भेज दिया. एयरफोर्स स्टेशन मुंबई ने उनसे कहा कि उन्होंने ऐसा कोई केमिकल मंगाया ही नहीं है.




जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास — मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## टिकट रद्द करें और अपना पैसा भी गंवाएं

कुछ माह पहले जब लंबी दूरी की रेलगाड़ियों का किराया बढ़ाया गया था, तब यह उम्मीद थी कि यात्रियों की सुविधाओं और उनकी दिक्कतों पर भी ध्यान दिया जाएगा, लेकिन ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला। अब सरकार के एक नए फैसले ने यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। नए नियमों के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति रेलगाड़ी के रवाना होने के निर्धारित समय से आठ घंटे पहले अपना टिकट रद्द कराता है, तो उसे कोई पैसा वापस नहीं मिलेगा। जबकि पहले यह समय सीमा चार घंटे की थी।

कई बार ऐसा होता है कि लोगों को निजी कारणों से अंतिम समय में यात्रा रद्द करनी पड़ती है, मगर अब ऐसा करना जेब पर भारी पड़ेगा। हालांकि, सरकार का दावा है कि इससे प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को सीट पाने के ज्यादा अवसर मिलेंगे और इससे टिकटों की कालाबाजारी पर भी रोक लगेगी। मगर सवाल है कि टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए क्या कोई दूसरा रास्ता नहीं निकाला जा सकता था, जिससे आम यात्रियों को आपात स्थिति में टिकट रद्द कराने पर वित्तीय नुकसान न झेलना पड़े?

यह निराशाजनक ही है कि रेलगाड़ियों के संचालन से लेकर सुविधाओं में व्यवस्थागत खामियों को दूर करने के बजाय यात्रियों के हितों को हाशिये पर रखा जा रहा है। इसमें दोराय नहीं कि लंबी दूरी की यात्रा के लिए रेलगाड़ियां आम आदमी की जीवन रेखा मानी जाती हैं। मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि रेलवे के आधुनिकीकरण की कवायद के बीच यात्रियों की बुनियादी सुविधाओं में सुधार करने को आज भी प्राथमिकता नहीं दी जाती है।

रेलगाड़ियों में किफायती और सुरक्षित खान-पान के अभाव से लेकर साफ-सफाई की शिकायतें कम नहीं हो रही हैं। इन समस्याओं का समाधान करने के बजाय ऐसे नियम लागू किए जा रहे हैं, जिससे यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है। राजस्व बढ़ाने की रेलवे की चिंता वाजिब हो सकती है, लेकिन उसे इस बात पर भी गंभीरता से विचार करना होगा कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है।

भारत का रेल नेटवर्क दुनिया के सबसे बड़े रेल नेटवर्क में से एक है। पहले नंबर पर अमेरिका, दूसरे पर चीन और तीसरे पर रूस के बाद भारतीय रेल नेटवर्क चौथे स्थान पर है। हमारे रेल नेटवर्क की कुल लंबाई लगभग 68,000 किलोमीटर है।

# विचार : रामराज्य को साकार करने की रूपरेखा

रामनवमी का पावन पर्व भारतीय जनमानस के लिए केवल एक तिथि नहीं, बल्कि मर्यादा, त्याग और सत्य की विजय का उत्सव है। यह पर्व हमें एक ऐसे आदर्श समाज की स्मृति दिलाता है, जिसे रामराज्य के रूप में युगों-युगों से एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ माना गया है। नवंबर 2025 में अयोध्या में 'धर्म ध्वजारोहण' के अवसर पर जो संवाद प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राष्ट्र के सम्मुख रखा गया, वह न केवल भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक था, बल्कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक सुस्पष्ट नैतिक रोडमैप भी था।

इस विमर्श का सबसे गहरा पक्ष 'विभीषण गीता' का वह प्रसंग था, जिसके माध्यम से प्राचीन मानवीय मूल्यों को आधुनिक सुशासन और राष्ट्र-निर्माण से जोड़ा गया। यह संवाद उस गंभीर क्षण पर होता है, जब रावण को अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित एक विशाल रथ पर सवार देखकर विभीषण विचलित हो जाते हैं। इसके उत्तर में जिस 'धर्मरथ' का वर्णन किया गया, वह भौतिक संसाधनों पर आंतरिक गुणों और चारित्रिक सुदृढ़ता की श्रेष्ठता का उद्घोष है।



किसी राष्ट्र की उन्नति के लिए साहस और संयम का संतुलन अनिवार्य है। धर्मरथ के दो पहिए 'शौर्य' और 'धैर्य' इसी संतुलन को दर्शाते हैं। समकालीन संदर्भों में 'शौर्य' का अर्थ नीतिगत निर्णय लेने का साहस और चुनौतियों के सामने अडिग रहने की इच्छाशक्ति है। वहीं 'धैर्य' का अर्थ है उन सुधारों के दीर्घकालिक परिणामों के प्रति प्रतिबद्धता और वैश्विक संकटों के समय विचलित न होना। विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यह आवश्यक है कि राष्ट्र का रथ इन दो गुणों के संतुलन से चले।

धर्मरथ की ध्वजा 'सत्य' और 'शील' का प्रतीक है। आधुनिक सुशासन में 'सत्य' का अर्थ पारदर्शिता और जवाबदेही है। जब व्यवस्था में भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं होता और प्रत्येक निर्णय सार्वजनिक हित में लिया जाता है, तब सत्य की ध्वजा ऊंची रहती है। आज 'शील' या सदाचार का अर्थ नागरिकों और लोकसेवकों का वह आचरण है, जो मर्यादा के अनुकूल हो। यह आचरण ही किसी देश की छवि को वैश्विक पटल पर स्थापित करता है। बल, विवेक, दम और परहित राष्ट्र की चतुर्मुखी शक्ति है।

धर्मरथ को खींचने वाले ये चार 'घोड़े' राष्ट्र की शक्ति और उसके उद्देश्यों को परिभाषित करते हैं। जहां 'बल' राष्ट्र की सामर्थ्य और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है, वहीं 'शक्ति' संग विवेक का होना अनिवार्य है। आज के युग में विवेक का अर्थ है वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तकनीक का मानवीय कल्याण के लिए उपयोग। प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति जिम्मेदारी 'दम' का ही आधुनिक रूप है। 'परहित' भी महत्वपूर्ण है। विकास की सार्थकता तभी है, जब वह समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। इन चार घोड़ों को नियंत्रित करने वाली लगाम क्षमा, कृपा और समता की रस्सियां हैं। बिना सामाजिक न्याय और समानता के विकास का रथ अनियंत्रित हो सकता है। समावेशी विकास का अर्थ ही यही है कि समाज का हर वर्ग समान रूप से सशक्त बने।

अयोध्या के प्रसंग में 'कोविदार' वृक्ष के प्रतीक का उल्लेख महत्वपूर्ण रहा है। प्राचीन काल में कोविदार का चिह्न अयोध्या की सेना और राज्य की पहचान था। यह प्रतीक हमें याद दिलाता है कि जब कोई समाज अपनी जड़ों से कट जाता है, तो उसका वैभव इतिहास में दब जाता है। विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि एक ऐसा राष्ट्र है जो अपनी भाषाई विविधता, सांस्कृतिक परंपराओं और प्राचीन ज्ञान तंत्र पर गर्व करता हो। मानसिक दासता से मुक्ति और अपनी पहचान की पुनर्स्थापना ही राष्ट्र के आत्मविश्वास को लौटाती है। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा पीढ़ी है। यह युवा शक्ति ही वह सारथी है, जो 2047 के संकल्प को सिद्ध करेगी।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

यह संपूर्ण सृष्टि प्रेम के नियम पर टिकी हुई है, जिसे भौतिकशास्त्र के रूप में व्यक्त किया जाता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# गुरुग्राम केस में सुप्रीम कोर्ट की कठोर टिप्पणी

किसी भी आपराधिक वारदात में पीड़ित को न्यायपालिका पर भरोसा होता है कि उसे न्याय जरूर मिलेगा। मगर इंसाफ तभी मिल पाता है, जब मामले की गंभीरता के मद्देनजर जांच-पड़ताल की जाए और अदालत में पुख्ता साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएं। यह काम जांच एजंसियों का होता है, लेकिन कई बार ऐसा देखा गया है कि पुलिस या अन्य जांच एजंसियों के अधिकारी संगीन मामलों को भी गंभीरता से नहीं लेते हैं और हल्की धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हैं। इसके पीछे या तो जांच अधिकारियों की लापरवाही होती है या फिर किसी बाहरी दबाव की वजह से मामले को कमजोर करने की मंशा छिपी होती है।

हरियाणा के गुरुग्राम में पिछले माह एक मासूम बच्ची के यौन उत्पीड़न के मामले में भी पुलिस का ऐसा ही रवैया सामने आया है। इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को कड़ा संज्ञान लेते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए और मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक विशेष जांच दल गठित करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कहा कि इस मामले में पुलिस का रवैया शर्मनाक और असंवेदनशील रहा है, जो न्यायिक प्रक्रिया के लिए चिंताजनक है।

यह बात छिपी नहीं है कि सामान्य आपराधिक घटना में भी प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पीड़ित पक्ष को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि कानून में अब शून्य पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराने का प्रावधान है, इसके बावजूद अक्सर ऐसी खबरें आती रहती हैं कि घटनास्थल का किसी दूसरे थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने का हवाला देकर पुलिसकर्मी प्राथमिकी दर्ज करन से इनकार कर देते हैं। कई बार तो पुलिस के साथ जांच प्रक्रिया से जुड़े अन्य संस्थाओं के पदाधिकारियों का गठजोड़ भी सामने आता है। गुरुग्राम मामले में भी इस तरह की बातें सामने आई हैं।



पुलिस ने पाक्सो (यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत दर्ज प्राथमिकी में गंभीर धारा लगाने की बजाय हल्की धारा लगाकर अपराध को कमतर दिखाने की कोशिश की। सर्वोच्च न्यायालय ने बच्ची के बयान पर अपना पक्ष पूरी तरह से बदलने के लिए एक निजी अस्पताल की चिकित्सक को भी फटकार लगाई और कहा कि उनका यह व्यवहार शर्मनाक है।

इसमें दोराय नहीं कि किसी भी अपराध में पीड़ित को इंसाफ दिलाने की जिम्मेदारी पुलिस और दूसरी संबंधित जांच एजंसी की होती है। मगर राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की एक रपट पर गौर करें, तो वर्ष 2018 से 2022 के दौरान बलात्कार के मामलों में दोषसिद्धि की दर 27-28 फीसद के बीच दर्ज की गई थी। वर्ष 2023 में यह दर घटकर 23 फीसद से भी कम रह गई। यानी बलात्कार के मामलों में कड़े कानूनी प्रावधानों का असर आरोपियों को सजा दिलाने में नजर नहीं आ रहा है। इसके पीछे मामलों की जांच में देरी, सबूतों का अभाव या गवाहों के मुकर जाने जैसे कई कारण हो सकते हैं, मगर इसके लिए सीधे तौर पर जवाबदेही पुलिस की ही बनती है।

शीर्ष अदालत ने गुरुग्राम मामले में स्थानीय बाल कल्याण समिति के सदस्यों की भूमिका पर भी सवाल उठाए और कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा कि क्यों न उन्हें पद से हटा दिया जाए। अदालत ने पुलिस के साथ-साथ समिति के आचरण को भी कठघरे में खड़ा किया। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद इस मामले की निष्पक्ष जांच होगी और पीड़ित बच्ची एवं उसके परिवार को जल्द इंसाफ मिलेगा।

# नहीं पका मटन, शख्स ने थाने में लिखवा दी रपट

आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के तडिपात्री शहर में उगादी त्योहार के मौके पर एक ऐसा अजीबोगरीब मामला सामने आया है. इसे सुनकर हर कोई हंसने पर मजबूर हो जाएगा. एक शख्स ने पुलिस में जो शिकायत दर्ज की, उसे जानकर लोगों को हंसी छूट गई.

### जरा हट के

सोडाला हाजी नाम के एक स्थानीय निवासी ने एक दुकानदार से मटन खरीदा था. घर आकर उसने कूकर में मटन पकाना शुरू किया. लेकिन बीस सीटी के बाद भी मीट नहीं पका. इसके बाद शख्स ने मटन वाले की शिकायत थाने में दर्ज कर दी. जानकारी के मुताबिक, शख्स ने प्रेशर कुकर में मटन पकाने की कोशिश की थी. लेकिन एक, दो, तीन... उसने 20 सीटी लगा दिया, फिर भी मटन पकने का नाम नहीं ले रहा था. मटन सख्त और अधपका ही रह गया. इससे हाजी साहब का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया. उसने सोचा कि दुकानदार ने खराब या पुराना मटन बेच दिया है. बिना कुछ सोचे-समझे वे पूरा कुकर उठाकर सीधे तडिपात्री टाउन पुलिस स्टेशन पहुंच गया. वहां उसने मीट बेचने वाले दुकानदार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की मांग की. पुलिसवालों ने जब यह सुना तो उनके चेहरे पर हैरानी छा गई. थाने में कुकर लेकर आने वाला शिकायतकर्ता देखकर सब हंस पड़े, लेकिन मामला गंभीरता से लिया गया



टाउन सर्कल इंस्पेक्टर ने खुद मामले को संभाला. उन्होंने शिकायतकर्ता से पूरी बात सुनी और दुकानदार को बुलाकर बात की. आखिरकार दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया. दुकानदार ने हाजी साहब को मुफ्त में एक किलो ताजा मटन देने का प्रस्ताव रखा, जिसे उसने स्वीकार कर लिया. इस तरह थाने में खड़े-खड़े ही मामला सुलझ गया. यह घटना सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई. लोग कमेंट्स में लिख रहे हैं – "20 सीटी के बाद भी नहीं पका तो क्या पुलिस वाले पकाएंगे?", "उगादी पर मटन का इतना प्यार", "पुलिस स्टेशन में कुकर लेकर जाना नया ट्रेंड", "दुकानदार ने मुफ्त मटन देकर स्मार्ट तरीके से बचाया खुद को" कई यूजर्स ने वीडियो और फोटो शेयर किए, जिसमें कुकर में अधपका मटन और पुलिस स्टेशन के बाहर की तस्वीरें दिख रही है.

# नारियल की बर्फी

खाना-खजाना

### सामग्री

- नारियल- 2 कप कद्दूकस किया हुआ ताजा नारियल
- चीनी- 1 कप (स्वादानुसार कम या ज्यादा कर सकते हैं)
- दूध- 1 कप फुल क्रीम दूध
- मावा या कंडेंस्ड मिल्क- ½ कप
- इलायची पाउडर- ½ छोटा चम्मच
- घी- 2 बड़े चम्मच
- ड्राई फ्रूट्स- बारीक कटे हुए बादाम और पिस्ता

### बनाने की विधि

सबसे पहले एक भारी तले वाली कड़ाही में 2 चम्मच घी गर्म करें। अब इसमें कद्दूकस किया हुआ नारियल डालें और धीमी आंच पर 2-3 मिनट तक भूनें। ध्यान रहे कि नारियल का रंग न बदले, हमें बस इसकी नमी को थोड़ा कम करना है।

भुने हुए नारियल में दूध डालें और इसे धीमी आंच पर तब तक पकाएं जब तक नारियल दूध को पूरी तरह सोख न ले। इसके बाद इसमें चीनी डालें। चीनी पिघलने पर मिश्रण थोड़ा पतला हो जाएगा, लेकिन घबराएं नहीं, इसे लगातार चलाते रहें।

जब मिश्रण गाढ़ा होने लगे, तब इसमें इलायची पाउडर डालें। अगर आप मावा इस्तेमाल कर रहे हैं, तो इसी समय उसे मैश करके डालें। मावा डालने से बर्फी का स्वाद बिल्कुल बाजार जैसा आता है। इसे तब तक पकाएं जब तक कि मिश्रण कड़ाही के किनारे न छोड़ने लगे और गुंदे हुए आटे की तरह इकट्ठा न हो जाए।



एक थाली या ट्रे को घी लगाकर चिकना कर लें। अब तैयार मिश्रण को थाली में निकालें और चम्मच या स्पैटुला की मदद से एक समान फैला दें। ऊपर से कटे हुए बादाम और पिस्ता छिड़कें और हल्का सा दबा दें ताकि वे सेट हो जाएं।

बर्फी को पूरी तरह ठंडा होने के लिए 2-3 घंटे के लिए छोड़ दें। जब यह अच्छे से सेट हो जाए, तो चाकू की मदद से इसे चौकोर या डायमंड शेप में काट लें।

## आज का राशिफल

**मेष** : बिगड़े काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विरोध होगा। आर्थिक नीति में परिवर्तन होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। तत्काल लाभ नहीं होगा।

**वृषभ** : धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश लाभ देगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जल्दबाजी से हानि संभव है।

**मिथुन** : वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर गृहिणियां लापरवाही न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

**कर्क** : वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार में वृद्धि होगी। स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** : स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। मनपसंद रोजगार मिलेगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कर्ज समय पर चुका पाएंगे। बैंक-बैलेंस बढ़ेगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। तनाव रहेगा।

**कन्या** : किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। लेन-देन में सावधानी रखें। लाभ होगा।

**तुला** : आय में निश्चितता रहेगी। शत्रु शांत रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप की अधिकता का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है। वाणी में कड़े शब्दों के इस्तेमाल से बचें। दूसरों की बातों में नहीं आएं।

**वृश्चिक** : आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश से लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेंगे।

**धनु** : जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी। राजकीय कोप भुगतना पड़ सकता है। विवाद न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में सहकर्मी सहयोग करेंगे। लाभ होगा।

**मकर** : कोई अनहोनी होने की आशंका रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देगा। बुद्धि का प्रयोग करें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा।

**कुंभ** : आंखों का विशेष ध्यान रखें। चोट व रोग से बचाएं। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान महसूस होगी। सहकर्मी सहयोग नहीं करेंगे। चिंता रहेगी।

**मीन** : यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। प्रमाद न करें। निवेश से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में उत्साह से काम कर पाएंगे। भाग्य अनुकूल है, जल्दबाजी न करें। प्रसन्नता रहेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों को कब लेना चाहिए इंसुलिन?

■ **दवाएं कब तक करती हैं काम, डॉक्टर से समझिए**

टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों को शुरुआत में दवा दी जाती है, ताकि ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल हो सके. अगर दवाओं के साथ खानपान और लाइफस्टाइल में सुधार किया जाए, तो शुगर लेवल को लंबे समय तक मैनेज किया जा सकता है. समय के साथ टाइप 2 डायबिटीज के कुछ मरीजों को इंसुलिन की जरूरत पड़ सकती है. कई लोग इंसुलिन शुरू करने से डरते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि सही समय पर इंसुलिन लेना शरीर को गंभीर कॉम्प्लिकेशन से बचा सकता है. अक्सर लोगों का सवाल होता है कि दवाएं खाने वाले डायबिटीज के मरीजों को इंसुलिन कब लेना चाहिए?

गुरुग्राम के मारेंगो एशिया हॉस्पिटल के एंडाक्रोनोलॉजिस्ट डॉ. पारस अग्रवाल ने बताया कि जब ब्लड शुगर लेवल लंबे समय तक बहुत ज्यादा बना रहता है और दवाओं व लाइफस्टाइल में बदलाव के बावजूद कंट्रोल में नहीं आता, तब ऐसे मरीजों को इंसुलिन शुरू करने की सलाह देते हैं. अगर फास्टिंग शुगर और HbA1c लगातार बढ़ा हुआ हो, तो यह संकेत है कि शरीर को अतिरिक्त इंसुलिन की जरूरत है. इसके अलावा बीमारी के लंबे समय बाद पैंक्रियास की इंसुलिन बनाने की क्षमता भी कम हो जाती है. ऐसी कंडीशन में भी इंसुलिन लेने का सुझाव दिया जाता है. कुल मिलाकर यह मरीज की कंडीशन पर डिपेंड करता है.




डॉक्टर अग्रवाल ने बताया कि इंसुलिन की डोज हर मरीज के लिए अलग होती है और इसे डॉक्टर ही तय करते हैं. कुछ लोगों को दिन में एक बार इंसुलिन दिया जाता है, जबकि कुछ को खाने से पहले इंसुलिन लेना पड़ता है. सही समय पर इंसुलिन लेना बहुत जरूरी है, क्योंकि इससे ब्लड शुगर अचानक बढ़ने या गिरने से बचता है. मरीज को अपने शुगर लेवल की नियमित जांच करते रहना चाहिए, ताकि डोज को समय-समय पर एडजस्ट किया जा सके.

### इंसुलिन एक सुरक्षित और असरदार ट्रीटमेंट

एक्सपर्ट की मानें तो अक्सर लोग सोचते हैं कि इंसुलिन शुरू करने का मतलब बीमारी बहुत गंभीर हो गई है, लेकिन यह सही नहीं है. इंसुलिन एक सुरक्षित और असरदार ट्रीटमेंट है, जो शरीर को जरूरी हार्मोन प्रदान करता है. सही तरीके से लेने पर यह किडनी, आंखों और दिल से जुड़ी जटिलताओं को रोकने में मदद करता है. इसलिए इसे डर के बजाय एक जरूरी चिकित्सा विकल्प के रूप में देखना चाहिए. टाइप 2 डायबिटीज में इंसुलिन की जरूरत हर मरीज को नहीं होती, लेकिन जब जरूरत हो तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए. इस बारे में किसी भी तरह की कंफ्यूजन होने पर डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए.

# गर्मियों में खुद को रखें फिट व हाइड्रेट

गर्मियों में हेल्थ का ख्याल रखना बेहद जरूरी है. तेज़ धूप, उमस और बढ़ते तापमान से शरीर में पानी की कमी, थकान और कई बार पेट या त्वचा की समस्याएं हो सकती हैं. ऐसे में कुछ आसान आदतों को अपनाकर आप गर्मियों में खुद को फिट और तंदरुस्त रख सकते हैं.

- गर्मियों में शरीर तेजी से पानी खोता है. इसलिए दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं. नारियल पानी, नींबू पानी या फलों का जूस भी शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है. कोशिश करें कि रोज़ाना कम से कम 8-10 गिलास पानी लें.
- भारी और तैलीय भोजन गर्मियों में पचाना मुश्किल होता है. फ्रूट सलाद, दही, ओट्स और हरी सब्ज़ियां शरीर को ऊर्जा देती हैं और पेट को हल्का रखती हैं. दिन में कई बार हल्का भोजन करना बेहतर होता है.
- हल्के रंग और कॉटन के कपड़े पहनें. ये न केवल शरीर को ठंडा रखते हैं बल्कि पसीने को सोखकर आराम भी पहुंचाते हैं. धूप में बाहर जाते समय कैप या छाता का इस्तेमाल करें.
- दोपहर के समय तेज़ धूप से बचें. UV किरणें त्वचा और आंखों के लिए हानिकारक होती हैं. बाहर निकलते समय सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें और कोशिश करें कि धूप में कम समय बिताएं.
- तरबूज, खीरा, संतरे और खट्टे फल गर्मियों में शरीर को ठंडक देते हैं. ये न केवल पानी की कमी को पूरा करते हैं बल्कि शरीर को आवश्यक विटामिन और मिनरल भी देते हैं.
- सुबह-सुबह हल्की वॉक या योग करें. भारी व्यायाम शरीर पर तनाव डाल सकता है, इसलिए सूरज कम होने के बाद हल्की गतिविधियां ही करें. पर्याप्त नींद और आराम भी जरूरी है.
- एलोवेरा जूस, खीरे का जूस, ठंडे पानी से स्नान करना या ठंडी पट्टियों का इस्तेमाल शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है. ये उपाय न केवल राहत देते हैं, बल्कि शरीर को अंदर से ताज़गी भी देते हैं. गर्मी में इन आसान टिप्स को अपनाकर आप न केवल खुद को सेहतमंद रख सकते हैं, बल्कि गर्मी की थकान और परेशानियों से भी बच सकते हैं. हाइड्रेशन, हल्का भोजन, सही पहनावा और ठंडक देने वाले फलों का सेवन करना हेल्थ को गर्मियों में मजबूत बनाए रखेगा.

# बुखार के बाद कई दिनों तक खांसी क्यों करती है परेशान?

■ **यह किस बात का संकेत, कैसे पाएं इससे छुटकारा**

अक्सर देखा जाता है कि वायरल फीवर ठीक होने के बाद भी लोगों को कई सप्ताह तक खांसी परेशान करती है. खांसी होने पर लोगों को लगता है कि वे पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं. कई लोग खांसी को इग्नोर करते रहते हैं, जबकि कुछ लोगों को डॉक्टर के पास जाने की जरूरत पड़ जाती है. हेल्थ एक्सपर्ट्स इस खांसी को पोस्ट-वायरल कफ कहते हैं. अगर आप भी बुखार के बाद लगातार उठने वाली इस खांसी से परेशान हैं, तो यह समझना जरूरी है कि आपका शरीर इसके जरिए क्या संकेत दे रहा है और आप इससे कैसे राहत पा सकते हैं.

नई दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल के प्रिवेंटिव हेल्थ एंड वेलनेस डिपार्टमेंट की डायरेक्टर डॉ. सोनिया रावत ने बताया कि



बुखार के दौरान जब वायरस हमारे श्वसन तंत्र पर हमला करता है, तो यह वायुमार्ग की ऊपरी परत को क्षतिग्रस्त कर देता है. बुखार उतरने के बाद भी यह परत बेहद सेंसिटिव बनी रहती है. ऐसे में ठंडी हवा, धूल या तेज गंध के संपर्क में आते ही सांस की नलियों में जलन होने लगती है और शरीर उसे बाहर निकालने के लिए खांसी पैदा करता है. यह संकेत है कि आपके फेफड़े अभी पूरी तरह रिकवर नहीं हुए हैं.

डॉक्टर ने बताया कि कई बार बुखार के बाद नाक और साइनस में बलगम का बनना बंद नहीं होता. यह अतिरिक्त बलगम गले के पिछले हिस्से से नीचे गिरने लगता है, जिसे मेडिकल भाषा में पोस्ट-नेजल ड्रिप कहा जाता है. यह प्रक्रिया गले में लगातार खराश और डिसकंफर्ट पैदा करती है, जिससे बार-बार सूखी या बलगम वाली खांसी आती है. यह अक्सर लेटने पर या सुबह के समय ज्यादा परेशान करती है.

### खांसी हमेशा बुरी नहीं होती

एक्सपर्ट के मुताबिक खांसी हमेशा बुरी नहीं होती है. यह वास्तव में शरीर का एक सुरक्षा तंत्र है. संक्रमण के बाद फेफड़ों और श्वासनली में मृत कोशिकाएं, वायरस के अवशेष और अतिरिक्त बलगम जमा हो जाता है. खांसी के जरिए शरीर इन तत्वों को बाहर निकालने की कोशिश करता है. अगर खांसी के साथ बहुत अधिक बलगम आ रहा है, तो यह इस बात का संकेत है कि आपका शरीर अंदरूनी सफाई कर रहा है.

डॉक्टर की मानें तो वायरल फीवर के बाद आमतौर पर खांसी अपने आप ठीक हो जाती है, लेकिन अगर खांसी 2-3 हफ्तों से ज्यादा बनी रहे और साथ में फिर से हल्का बुखार, सीने में दर्द या सांस फूलने जैसे लक्षण दिखें, तो यह ब्रोंकाइटिस या बैक्टीरियल संक्रमण का संकेत हो सकता है. वायरस के हमले के बाद शरीर की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, जिससे बैक्टीरिया के लिए हमला करना आसान हो जाता है. ऐसी स्थिति में डॉक्टर से कंसल्ट करना जरूरी होता है. बुखार के बाद की खांसी से राहत पाने के लिए हाइड्रेशन सबसे महत्वपूर्ण है. खूब गुनगुना पानी पिएं, अदरक-तुलसी का काढ़ा लें और शहद का सेवन करें, जो गले की परत पर एक सुरक्षा कवच बनाता है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### शराब पिलाई और गला रेतकर किया कत्ल

**लखनऊ.** लखनऊ में चिनहट इलाके में प्राइवेट नौकरी करने वाले 21 वर्षीय रितेश उर्फ बाला को उसके दोस्तों ने फोन कर मिलने के लिए मंगलवार रात बुलाया। हरदासी खेड़ा मैदान में शराब पार्टी की और फिर गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात के बाद हत्यारे भाग निकले। कल्याणी विहार कमता निवासी रितेश कुमार उर्फ बाला प्राइवेट नौकरी करता था। मंगलवार देर रात हरदासी खेड़ा मैदान में उसका खून से लथपथ शव मिला। पास में ही उसकी बाइक खड़ी थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर चिनहट इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। दयाशंकर ने शव की पहचान इकलौते बेटे के रूप में की। रितेश के मामा ने बताया कि भांजा इंटर तक पढ़ा था। मंगलवार शाम करीब पांच से छह बजे के बीच भांजे के दोस्त प्रियांशु का फोन आया था। उसने मिलने के लिए बुलाया था।

### 30 साल पुराने मामले में अभिनेता राज बब्बर बरी, पूर्व सांसद की सजा कोर्ट ने रद्द की

यूपी में वर्ष 1996 के चुनाव में मतदान के दौरान मतदान अधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों से मारपीट के एक मामले में तत्कालीन सपा प्रत्याशी राज बब्बर को निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सजा के फैसले को चुनौती देने वाली अपील को एमपी/ एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंस नारायण ने स्वीकार करते हुए राजबब्बर को आरोपों से बरी कर निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर बहू को बनाया नौकरानी

**लखनऊ.** जिले के आशियाना कोतवाली क्षेत्र की एक नवविवाहिता ने पति, सास, ससुर और देवर के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि दस लाख रुपये के जेवर और स्कॉर्पियो गाड़ी की मांग पूरी न होने पर उसे घर में नौकरानी की तरह रखा गया और अंततः उसके भाई सहित घर से निकाल दिया गया। विवाह और शुरुआती प्रताड़नाआशियाना सेक्टर-एच निवासी रूबी सोनी का विवाह जुलाई 2024 में सुल्तानपुर जिले के दादुपुर गांव के शिवानंद सोनी से हुआ था। रूबी के अनुसार, विवाह के कुछ ही समय बाद सास राधा देवी ने उनके मायके से मिले सभी गहने उतरवाकर अपने कब्जे में ले लिए।

### ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से अधेड़ की मौत

**बलरामपुर.** तेज रफ्तार मोरंग लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने पैदल जा रहे व्यक्ति को पीछे से टक्कर मार दी। सड़क हादसे में 50 वर्षीय व्यक्ति की लखनऊ के अस्पताल में इलाज के समय मौत हो गई। पुलिस अज्ञात आरोपी ट्रैक्टर-ट्राली चालक की तलाश कर रही है। देहात क्षेत्र के ग्राम अचानकपुर निवासी अनुराग शुक्ल ने बताया कि करीब 50 वर्षीय पिता सतीश चंद्र शुक्ल 16 मार्च रात करीब 7.30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग तुलसीपुर-बलरामपुर पर पैदल घर जा रहे थे। तभी कालीमाईथान गांव के पास तेज रफ्तार मोरंग लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने पीछे से टक्कर मार दी।

### किशोरी लापता, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**बलरामपुर।** नगर क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने 25 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि 24 मार्च रात करीब 11 बजे 17 वर्षीय बेटी को युवक शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया है। बेटी को ले जाने में युवक के पिता व अन्य ने मदद की है। बेटी को वापस करने के लिए कहा तो जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी को शादी की नियत से साथ ले जाने वाला मोहल्ला बलुहा निकट कालिया मस्जिद निवासी मुन्ना, हाशिम, मुन्ना के पिता नाम अज्ञात व मुन्ना का भाई नाम अज्ञात पर एफआईआर दर्ज करके तलाश की जा रही है।

# अजित पवार की मौत के बाद पार्टी हथियाने की कोशिश

**■ रोहित का दावा- प्रफुल्ल पटेल समेत तीन नेताओं ने EC को लेटर लिखा था**

**मुंबई.** एनसीपी (एसपी) विधायक रोहित पवार ने दावा किया कि अजित पवार की मौत के बाद प्रफुल्ल पटेल समेत तीन नेताओं ने एनसीपी (अजित पवार) पर कब्जा करने की कोशिश की थी।

रोहित पवार ने कहा कि अजित पवार की मौत के 18 दिन बाद, 16 फरवरी को प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और बृजमोहन श्रीवास्तव ने चुनाव आयोग को लेटर भेजा था। लेटर में कहा गया कि पार्टी संविधान में बदलाव किया गया है। अब सभी अधिकार वर्किंग प्रेसिडेंट को दिए जाएं।



प्रफुल्ल पटेल एनसीपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष थे। अजित पवार की मौत के समय वही पार्टी के प्रमुख थे।

अजित पवार के भतीजे रोहित ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह बातें कहीं। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में संबंधित डाक्यमेंट्स भी दिखाए और मामले की आपराधिक जांच की मांग की।

**■ सुनेत्रा पवार को इसकी जानकारी नहीं थी**

रोहित ने कहा कि अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को शुरुआत में इसकी जानकारी नहीं थी। हालांकि बाद में उन्होंने चुनाव आयोग को लेटर लिखा।

**सुनील तटकरे बोले- पार्टी मामलों में दखल न दें**



एनसीपी (अजित पवार) के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने बिना नाम लिए कहा कि कुछ लोग पार्टी के अंदरूनी मामलों में दखल देना बंद करें। उन्होंने कहा कि अजित पवार के खिलाफ पहले भी साजिशें हुईं। अब उनकी मौत के बाद भी ऐसे प्रयास हो रहे हैं।
वहीं, एनसीपी के एक नेता ने कहा कि वर्किंग प्रेसिडेंट को अदालत और चुनाव आयोग से जुड़े मामलों में संवाद का अधिकार पहले से दिया गया था। रोहित भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

**■ प्लने क्रैश और कंपनी पर भी उठाए सवाल**

रोहित पवार ने प्लेश क्रैश हादसे से जुड़ी कंपनी VSR वेंचर्स पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि हादसे के बाद भी कंपनी को 80-90 करोड़ रुपए का पेमेंट किया गया। कुछ लोग इस कंपनी को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने अजित पवार की मौत के मामले में बेंगलुरु में FIR भी दर्ज कराई है। इसपर उन्होंने कहा कि उन्हें सलाह दी गई थी कि वह ऐसे राज्य में शिकायत दर्ज कराएं, जहां उन्हें न्याय मिल सके।

# भारत जैसे दोस्तों के लिए खुला है स्ट्रेट ऑफ होर्मुज

**■ ईरान के विदेश मंत्री का बड़ा ऐलान**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने गुरुवार को एक अहम घोषणा करते हुए कहा कि ईरान ने भारत सहित अपने सभी 'मित्र देशों' के जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) से गुजरने की अनुमति दे दी है। इस कदम को वैश्विक सप्लाई चेन और इन देशों के साथ ईरान के कूटनीतिक संबंधों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**वाणिज्य दूतावास ने की पुष्टि**

मुंबई स्थित ईरान के महावाणिज्य दूतावास ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस फैसले की जानकारी शेयर की। पोस्ट में विदेश मंत्री अराघची के हवाले से स्पष्ट किया गया, 'हमने चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान सहित अपने मित्र देशों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के सुरक्षित मार्ग की अनुमति दे दी है।'



होर्मुज एक महत्वपूर्ण जलमार्ग है, जिसके माध्यम से दुनिया का 20 प्रतिशत तेल का निर्यात होता है।

**संयुक्त राष्ट्र महासचिव की अपील के बाद आया फैसला**

ईरान का यह कदम संयुक्त राष्ट्र (UN) के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उस बयान के बाद उठाया गया है, जिसमें उन्होंने वैश्विक संकट को देखते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत खोलने का कड़ा आग्रह किया था। एंटोनियो गुटेरेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट के माध्यम से इस मार्ग के बंद होने के गंभीर परिणामों पर चिंता जताई थी।

उन्होंने लिखा थाः होर्मुज जलडमरूमध्य के लंबे समय तक बंद रहने से तेल, गैस और उर्वरकों (फर्टिलाइजर) की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हो रही है, वह भी ऐसे समय में जब दुनिया भर में खेती और बुवाई का बेहद अहम मौसम चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र और इसके बाहर, आम नागरिक इस स्थिति के कारण गंभीर नुकसान झेल रहे हैं और गहरी असुरक्षा के साये में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने आगे कहा कि संयुक्त राष्ट्र इस युद्ध के परिणामों को कम करने के लिए लगातार काम कर रहा है। गुटेरेस ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इन गंभीर परिणामों को कम करने का सबसे बेहतरीन और स्पष्ट तरीका एक ही हैः युद्ध को तत्काल समाप्त किया जाए।

### 60 दिन का तेल भंडार

**नई दिल्ली.** सरकार ने गुरुवार को कहा कि देश में लगभग 60 दिन का तेल भंडार है और एक महीने की एलपीजी आपूर्ति की व्यवस्था कर ली गई है। सरकार ने कहा कि पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सरकार ने कमी की खबरों को 'जानबूझकर फैलाया गया 'गलत सूचना अभियान' बताया, जिसका उद्देश्य लोगों में घबराहट पैदा करना और खरीदारी को बढ़ावा देना है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार कच्चे तेल, ईंधन और एलपीजी के भंडार का विवरण जारी किया। इसका मकसद लोगों की घबराहट को दूर करना है।

# शंकराचार्य की गिरफ्तारी पर चार्जशीट दाखिल होने तक रोक

**■ बटुकों से यौन शोषण केस में हाईकोर्ट का फैसला**

**प्रयागराज.** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की जमानत बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंजूर कर ली। कोर्ट ने कहा कि चार्जशीट दाखिल होने तक शंकराचार्य की गिरफ्तारी नहीं होगी। यह फैसला हाईकोर्ट के जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की बेंच ने दोपहर बाद 3.45 बजे सुनाया।



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को जमानत देते हुए शर्तें भी लगाई हैं। सबसे अहम शर्त यह है कि दोनों पक्ष (शंकराचार्य और आशुतोष) मीडिया में बयानबाजी नहीं करेंगे और इंटरव्यू नहीं देंगे। शंकराचार्य के विदेश जाने पर भी रोक है। इसके लिए हाईकोर्ट से अनुमति लेनी होगी। अगर जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया जाता है, तो दूसरा पक्ष जमानत कैंसिलेशन अर्जी दे सकता है।

यह फैसला सुनाने के दौरान शंकराचार्य के वकीलों ने कहा- योर ऑनर इस पर भी कहें कि कोई बच्चों को लेकर घूमने लगता है, कोई यात्रा के दौरान बयानबाजी करता है। इसे भी रोका जाए। इस पर कोर्ट ने कहा कि इसका उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

**शंकराचार्य बोले- ऐसे फैसलों से हिम्मत बढ़ती है**

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- कभी-कभी ऐसा लगता है कि कानून एक जाल है। कुछ लोगों ने उसको पकड़ रखा है। जब चाहे किसी को फंसा दें। इस तरह के फैसले कभी कभी जब आते हैं, तो लोगों को हिम्मत बंधती है।

# केदारनाथ-बद्रीनाथ में बिना लिमिट होंगे दर्शन

**■ पुरोहितों के विरोध पर हटी कैपिंग**

**■ CM धामी बोले- किसी को नहीं रोका जाएगा**

**देहरादून.** चारधाम यात्रा शुरू होने से ठीक पहले उत्तराखंड सरकार ने 'कैपिंग' यानी रोजाना श्रद्धालुओं की संख्या तय करने की व्यवस्था खत्म कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने साफ कहा- अब किसी भी श्रद्धालु को दर्शन से नहीं रोका जाएगा, चाहे संख्या कितनी भी हो। यह फैसला तीर्थ पुरोहितों के विरोध के बाद लिया गया है।

उत्तराखंड में 19 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। अब तक करीब 10 लाख श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं, जबकि जीएमवीएन के जरिए 5 करोड़ रुपए से ज्यादा की एडवांस बुकिंग हो चुकी है। पहले पर्यटन विभाग ने योजना बनाई थी कि पिछले साल की तरह इस बार भी केदारनाथ में रोजाना 18,600 और बद्रीनाथ में 21,600 श्रद्धालुओं की लिमिट रहेगी। लेकिन अब मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया है कि सामान्य यात्रा में कोई लिमिट लागू नहीं होगी।

**पुरोहितों के विरोध के बाद बदला फैसला**

चारधाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत ने कैपिंग और टोकन सिस्टम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। मुख्य सचिव को सौंपे गए 11 सूत्रीय ज्ञापन में कहा गया कि यह संख्या सीमा अव्यावहारिक है। श्रद्धालुओं को बेवजह रोका जाता है। सरकार को रोक-टोक के बजाय सुविधाएं बढ़ानी चाहिए। इस विरोध के बाद सरकार तुरंत हरकत में आई और फैसला बदल दिया गया।

**चुनौतियां हैं, लेकिन फोकस सुरक्षित यात्रा**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सड़क, स्वास्थ्य, सुरक्षा और परिवहन बेहतर हों। श्रद्धालुओं को समय पर सही जानकारी मिले और किसी को भी असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा राज्य के लिए बड़ा अवसर है, इसलिए व्यवस्थाओं को मजबूत किया जा रहा है।

# ईरान के लिए 18 करोड़ चंदा जुटाया गया

**■ बड़गाम जिला सबसे आगे**

**■ सुरक्षा एजेंसियों को आतंकी फंडिंग में इस्तेमाल की आशंका**

**श्रीनगर.** कश्मीर घाटी में ईरान के समर्थन में करोड़ों रुपए का चंदा जुटाया गया है। इससे देश की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। आशंका है कि इन पैसों का इस्तेमाल आतंकी फंडिंग में हो सकता है।

सूत्रों के मुताबिक, अब तक 17.91 करोड़ रुपए चंदा जुटाया गया है। इनमें से 85% राशि शिया समुदाय ने दान की है। कश्मीर का बड़गाम शिया बहुल इलाका है।



यहां से करीब 9.5 करोड़ रुपए जुटाए गए हैं।

यह फंडरेजिंग अभियान जकात और सदका के जरिए लिया जा रहा है। इसका उद्देश्य मौजूदा संघर्ष से प्रभावित ईरानी नागरिकों की मदद करना बताया गया है।

**ईरानी दूतावास ने बैंक अकाउंट और क्यूआर कोड शेयर किया**

सूत्रों के मुताबिक भारत में ईरानी दूतावास ने सीधे पैसे ट्रांसफर करने के लिए एक विशेष बैंक अकाउंट भी खोला है, जिसमें UPI के जरिए भुगतान की सुविधा दी गई है। अधिकारियों का मानना है कि चंदे की राशि और बढ़ सकती है।

प्रशासन ने लोगों को सलाह दी है कि वे सीधे दूतावास के आधिकारिक माध्यमों से ही पैसा भेजें, ताकि जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। खुफिया सूत्रों ने यह भी बताया कि पहले भी चैरिटी के नाम पर जुटाए गए फंड के दुरुपयोग के मामले सामने आ चुके हैं।

# डंपर से टकराकर बस में आग, 13 जिंदा जले

**■ 22 घायल**

**■ 3 घंटे में आग पर काबू पाया गया**

**■ पीएम मोदी ने जताया शोक**



**हैदराबाद.** आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क हादसा हुआ। एक प्राइवेट ट्रैवल बस और डंपर में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस में आग लग गई। बस में सवार 13 यात्री जिंदा जल गए। हालांकि पहले पुलिस की तरफ से पहले 14 मौतों की जानकारी दी गई थी। बाद में सीएम ऑफिस ने मौत का आंकड़े में आफिशियल कंफर्मेशन दिया।

अधिकारियों ने बताया कि हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। हादसा सुबह 6:00 बजे के करीब हुआ। आग पर करीब तीन घंटे में काबू पाया गया।

मरकापुरम के SP वी हर्षवर्धन राजू ने कहा, डंपर ड्राइवर समेत 22 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 35 यात्री सवार थे। घटना की पूरी जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने लोगों की मौत पर दुख जताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले में हुए भीषण बस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये व घायलों के लिए 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि की घोषणा की है।

# पहली बार सभी 10 टीमों के कप्तान भारतीय



**■ IPL कैप्टंस मीट मुंबई में हुई**

**■ पहला मैच 28 मार्च को RCB Vs SRH**

गुरुवार को IPL 2026 का कैप्टंस मीट मुंबई में हुआ, जिसमें सभी 10 टीमों के कप्तान BCCI के हेडक्वार्टर में जुटे। BCCI ने मीट के कुछ फोटोज शेयर किए हैं। इस सीजन को दो फेज में खेला जाएगा और फिलहाल शुरुआती 20 दिनों का शेड्यूल जारी किया गया है।

IPL 2026 का ओपनिंग मैच 28 मार्च को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) और सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) के बीच खेला जाएगा। इस सीजन का अब तक 20 दिन का शेड्यूल आया है।

IPL 2026 में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब सभी 10 टीमों की कमान भारतीय हाथों में है। लीग में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस शामिल हैं।

**फिलहाल 20 मैचों का शेड्यूल जारी**

अप्रैल-मई के दौरान पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसमें IPL मैच होस्ट करने वाले राज्य बंगाल, तमिलनाडु और असम भी शामिल हैं। इसी वजह से फिलहाल 28 मार्च से 12 अप्रैल तक होने वाले 20 मैचों का ही शेड्यूल जारी किया गया।

**RCB ने जीता था पिछले सीजन का खिताब**

बेंगलुरु की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) डिफेंडिंग चैंपियन है। RCB ने पिछले सीजन के फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर पहली बार IPL खिताब जीता था।

# राहुल बोले-केरल की नर्स ने रातभर मेरी मां को संभाला

**■ सभा में कहा- नर्सें ही यहां की पहचान**

**■ राज्य में 5 लाख नर्सें**

**■ 9 अप्रैल को चुनाव**

**नई दिल्ली.** राहुल गांधी ने एक सभा में सोनिया गांधी की देखभाल कर रही केरल की नर्स का ज्रिक किया और इन्हें राज्य की पहचान बताया। दरअसल बुधवार को राहुल को कोझिकोड जाना था, लेकिन वे सोनिया गांधी के हॉस्पिटल में भर्ती होने की वजह से जा नहीं पाए। उन्होंने लोगों को वर्चुअली संबोधित किया।

राहुल ने कहा, 'मैं हॉस्पिटल में अपनी मां के कमरे में एक छोटे से सोफे पर सो रहा था। मैं भी हर बेटे की तरह अपनी मां की सेहत को लेकर बहुत परेशान हूं। हालांकि केरल की नर्स ने मेरी मां का बहुत ख्याल रखा, जिससे उन्हें राहत मिली।'

सिर्फ केरल की बात करें तो राज्य में करीब 5 लाख नर्सें रजिस्टर्ड हैं। वहीं देशभर में केरल की 10 लाख से ज्यादा नर्सें काम करती हैं। वहीं, विदेश में यह संख्या 20 लाख से ज्यादा है। ऐसा कहा जा रहा है कि राहुल ने नर्स का जिक्र कर इस तबके को साधने की कोशिश की है। केरल में 9 अप्रैल को सिंगल फेज में विधानसभा चुनाव होने हैं।

### G7 देशों की बैठक में शामिल हुए विदेश मंत्री जयशंकर

**नई दिल्ली.** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जी7 फ्रांस में जी7 देशों की बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में जी 7 देशों के अलावा ब्राजील, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, यूक्रेन और भारत जैसे देशों को विशेष आमंत्रण दिया गया था। विदेश मंत्रालय के अनुसार इस बैठक में सभी नेताओं ने पश्चिम एशिया संघर्ष, यूक्रेन युद्ध की स्थिति और संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में सुधार जैसे कदमों पर बात की। विदेश मंत्री के फ्रांस दौरे पर ज्यादा जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर फ्रांस में अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। यहां पहुंचने पर सबसे पहले उन्होंने फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट के साथ चर्चा की थी।

# आतंकी संगठन ISIS का हैंडलर पकड़ा

**■ एग्जाम पास कर बना ग्रुप एडमिन**

**■ युवाओं का ब्रेनवॉश करता था; दो संदिग्ध भी पकड़े**

**जोधपुर.** जोधपुर में आतंकी संगठन ISIS से जुड़े हैंडलर को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी युवक के फोन से ISIS से जुड़े संदिग्ध वीडियो बरामद हुए हैं, जिन्हें वह सोशल मीडिया ग्रुप में शेयर कर युवाओं का ब्रेनवॉश कर कट्टरपंथी विचारधारा से जोड़ता था। वह पहले से जेल में बंद ISIS से जुड़े अन्य लोगों के संपर्क में भी था। पुलिस ने दो संदिग्धों को भी पकड़ा है।



दरअसल, कुछ दिन पहले आंध्र प्रदेश की विजयवाड़ा पुलिस ने ISIS कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़े एक युवक को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ में जोधपुर के नई सड़क इलाके में रहने वाले जीशान (19) का नाम सामने आया। मंगलवार शाम विजयवाड़ा पुलिस की टीम जोधपुर पहुंची और सदर बाजार थाना प्रभारी माणक राम की टीम के साथ मिलकर देर रात जीशान को गिरफ्तार कर लिया।

**युवक ने मोबाइल से डिलीट कर दिए थे वीडियो**

SHO सदर माणक राम विश्नोई ने बताया- युवक काफी चालाक निकला। उसने अपने मोबाइल से सभी कट्टरपंथी वीडियो और देश-विरोधी कंटेंट पहले ही डिलीट कर दिया था। हालांकि पुलिस की फॉरेंसिक टीम ने डेटा रिकवर कर लिया। जांच में पता चला कि वह 'BENX' नाम के एक ग्रुप का एडमिन था, जिसमें वह कट्टरपंथी विचारधारा वाले शॉर्ट वीडियो और वॉइस नोटस अपलोड करता था।

# केजरीवाल को रहमान डकैत कह रहा हूं....

**■ प्रवेश वर्मा 'धुरंधर' का जिक्र कर क्या बोले...**

**दिल्ली.** दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने एक बार फिर पूर्व की केजरीवाल सरकार में हुए कामों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अब वो दिल्ली विधानसभा में एक लंबा-चौड़ा बिल लेकर पहुंचे, जिसमें दिल्ली की पूर्व केजरीवाल सरकार पर फिजूलखर्ची का आरोप लगाया। इस दौरान प्रवेश वर्मा ने धुरंधर फिल्म का जिक्र करते हुए अरविंद केजरीवाल की तुलना रहमान डकैत से कर दी और उन्हें रहमान डकैत कहने की वजह भी बताई।



दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को धुरंधर फिल्म का रहमान डकैत कहा और इसकी वजह भी बताई। वर्मा ने कहा कि दिल्ली में 11 साल तक आम आमदी पार्टी की सरकार रही और केजरीवाल मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने कहा कि इस दौरान दिल्ली में भी डकैती हुई। वर्मा ने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को सपना दिखाया, लेकिन उनका सारा पैसा लूट लिया और पैसे लूटकर अपने घर में लगाया। प्रवेश वर्मा ने कहा कि उनके घर में लगने वाली चीजों के लिए को बिना किसी टेंडर प्रक्रिया के खरीदा था और हर सामान की वैल्यू से ज्यादा पैसे अदा किए गए।

केजरीवाल को रहमान डकैत कहने की वजह बताते हुए वर्मा ने कहा कि वो वोट बैंक की राजनीति करते हैं और उन्होंने दिल्ली की जनता के टैक्स के पैसे पर डाका डाला और अपने घर में विदेशी सामान लगाया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को लग रहा था कि अब उन्हें कोई नहीं हरा पाएगा, लेकिन दिल्ली की धुरंधर जनता ने उन्हें हरा दिया। इस दौरान प्रवेश वर्मा ने 'शीशमहल' का भी जिक्र किया उसमें खर्च किए पैसों का भी जिक्र किया। प्रवेश वर्मा ने 'शीशमहल' का जिक्र करते हुए उसमें लगी चीजों की कीमत बताते हुए भी एक वीडियो जारी किया है।

धुरंधर फिल्म पर बात करते हुए उनसे जब सवाल पूछा गया कि केजरीवाल तो इस फिल्म को एकतरफा बता रहे हैं, तो प्रवेश वर्मा ने जवाब देते हुए कहा कि देश के दुश्मन सिर्फ देश के बाहर ही नहीं रहते हैं, बल्कि दिल्ली में भी रहते हैं और अरविंद केजरीवाल उनमें से एक हैं। प्रवेश वर्मा ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झूठ बोलने के अलावा कुछ आता ही नहीं है।

# बंगाल SIR- पहली सप्लीमेंट्री लिस्ट में 13 लाख नाम कटे

**■ बसीरहाट उत्तर के एक बूथ पर BLO सहित भी 340 वोटरों के नाम गायब**

**कोलकाता.** कोलकाता में चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि पश्चिम बंगाल में SIR (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के दौरान जांच के दायरे में आए 32 लाख नामों में से 13 लाख नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं। आयोग ने सोमवार को इन वोटरों के नाम की पहली सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी की थी। ये "अंडर एडजुडिकेशन" थे यानी आयोग इनके दस्तावेजों की जांच कर रहा था। आयोग के मुताबिक, 60 लाख से ज्यादा नाम अंडर एडजुडिकेशन रखे गए थे। इनमें अभी 32 लाख मामलों का निपटारा हुआ है, जबकि करीब 28 लाख मामले अभी भी लंबित हैं जिनकी जांच जारी है। इधर, पहली सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी होने के बाद बसीरहाट उत्तर विधानसभा क्षेत्र में तनाव फैल गया है। यहां बोरो गोबरा गांव के बूथ नंबर 5 के सभी 340 मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से गायब हैं। सभी वोटर "अंडर एडजुडिकेशन" के तहत चिन्हित थे। हैरानी की बात यह है कि इसी बूथ के BLO मोहम्मद शफीउल आलम का नाम भी वोटर लिस्ट में नहीं है।

**संक्षेप...**

## ढोकली परिसर में सोने की चेन चोरी

**ठाणे.** ढोकली परिसर में बाइक पर आए दो अज्ञात चोरों ने एक व्यक्ति के गले से 1.10 लाख रुपये की सोने की चेन छीन ली और भाग गए। शिकायतकर्ता अभिषेक खंडेलवाल 22 मार्च की रात करीब 9.30 बजे हाइलैंड इलाके से घर जा रहे थे। इस समय, उन्होंने ढोकली में शरद चंद्र पवार स्टेडियम के सामने सड़क के किनारे अपनी फोर-व्हीलर पार्क की और पास की एक दुकान पर चले गए। जब वह दुकान से लौट रहे थे और अपनी कार में बैठ रहे थे, तो ढोकली चेकपॉइंट की तरफ से बाइक पर आए चोरों ने अचानक उन पर हमला कर दिया।

# गिरफ्तार भोंदू बाबा पर 5 नरबलि की आशंका

■ **10 साल में 1500 करोड़ का साम्राज्य बनाया**



**नासिक.** नासिक में खुद को 'कैप्टन' और 'कॉस्मोलॉजी एक्सपर्ट' बताने वाला अशोक खरात यौन शोषण, ब्लैकमेलिंग और ठगी के आरोपों में जांच के दायरे में है। जांच में उसके नेटवर्क, संपत्तियों और हाई-प्रोफाइल कनेक्शन सामने आए हैं। पुलिस को 5 नरबलि के संकेत मिले हैं, जिनकी पुष्टि के लिए फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है।

SIT की छापेमारी में 100 से ज्यादा संदिग्ध वीडियो, 8 लाख रुपए नकद, एक पिस्टल और बड़ी मात्रा में संपत्ति से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए हैं। पिस्तौल की 5 गोलियां गायब हैं, जिससे नरबलि की आशंका और गहरी हुई है। अब तक उसके खिलाफ दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और अंधश्रद्धा विरोधी कानून के तहत 8 केस दर्ज हो चुके हैं। दरअसल, पुलिस ने 67 साल के अशोक खरात को 35 साल की महिला से बार-बार रेप करने और ब्लैकमेल करने के आरोप में 18 मार्च को गिरफ्तार किया था।

### अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप

आरोप है कि खरात 'शुद्धिकरण' और तांत्रिक उपायों के नाम पर महिलाओं को फंसाता था। वह बीमारी, पारिवारिक विवाद या संतान की चाह रखने वालों को निशाना बनाता था। स्पाय कैम से वीडियो बनाकर बाद में ब्लैकमेल करता था।

SIT ने उसके पूर्व ऑफिस सहायक नीरज जाधव को हिरासत में लिया है। आरोप है कि वह लैपटॉप से CCTV फुटेज एक्सेस कर अश्लील क्लिप बनाता था। पुलिस ने दो लैपटॉप और 50 से ज्यादा प्रॉपर्टी दस्तावेज जब्त किए हैं। वीडियो की फॉरेंसिक जांच से पीड़ितों और नेटवर्क की पहचान की जा रही है।

### 154 देशों की यात्रा का दावा, 15 बार तुर्किए गया

खरात खुद को ऑस्ट्रेलियाई मर्चेंट नेवी का कैप्टन और कॉस्मोलॉजी एक्सपर्ट बताता था। वह दावा करता था कि 154 देशों की यात्रा कर चुका है और 12 विदेशी भाषाएं जानता है। पिछले 5 साल में वह 15 बार तुर्किए गया।

# पेट्रोल पंपों पर उमड़ी वाहन चालकों की भीड़



**उल्हासनगर.** ईरान, इज़राइल और अमेरिका के बीच युद्ध की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पार्लियामेंट में दिए बयान और सोशल मीडिया पर पेट्रोल की कमी और लॉकडाउन की अफवाहों के बाद लोगों में डर का माहौल फैल गया है। इसी वजह से उल्हासनगर, कल्याण, अंबरनाथ और बदलापुर शहर के सभी पेट्रोल पंपों पर हजारों ड्राइवरों ने पेट्रोल भरवाने के लिए भीड़ लगा दी। भीड़ की वजह से झड़पें हुईं और ट्रैफिक जाम हो गया, इसलिए पंप ऑपरेटरों को भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्लियामेंट सेशन में देश को संबोधित किया और युद्ध के हालात की जानकारी दी। हालांकि, सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैल गई कि अगले कुछ दिनों तक पेट्रोल नहीं मिलेगा और लॉकडाउन लग सकता है। इस बीच, मंगलवार शाम से ही कई पेट्रोल पंपों पर टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर ड्राइवरों की लंबी लाइनें लग गईं। इस वजह से, कई पंपों पर पेट्रोल और डीज़ल का स्टॉक खत्म होने के कारण रात में कुछ पेट्रोल पंप बंद करने पड़े। बुधवार सुबह से भी यही स्थिति बनी रही। इस बीच, पेट्रोल का स्टॉक काफी होने की बात कहकर पेट्रोल पंप ऑपरेटरों ने गाड़ी चलाने वालों से अपील की है कि वे अफवाहों में न पड़ें और उतना ही पेट्रोल भरवाएं जितना उन्हें ज़रूरत है।

### पेट्रोल पंपों पर तैनात करनी पड़ी पुलिस

कल्याण, उल्हासनगर, अंबरनाथ-बदलापुर के कई इलाकों में पेट्रोल पंपों पर लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। सुबह पंप खुलते ही पेट्रोल और डीज़ल के लिए भीड़ लग गई। लोग चिलचिलाती धूप में भी लाइनों में खड़े थे। इस वजह से हाईवे पर बड़ा ट्रैफिक जाम लग गया और गाड़ी चलाने वालों के बीच बहस भी हुई। कई पंप ऑपरेटरों ने कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने से रोकने के लिए पुलिस से मदद मांगी। इसलिए, भीड़ को कंट्रोल करने के लिए बुधवार को पूरे दिन कई पेट्रोल पंपों पर पुलिस तैनात करनी पड़ी।

# उल्हासनगर की समस्याओं को लेकर ठाकरे ग्रुप आक्रामक

■ **आयुक्त को निवेदन देकर आंदोलन की चेतावनी**

■ **सिविल समस्याओं से उल्हासनगर परेशान**

उल्हासनगर. ठाकरे ग्रुप के एक डेलीगेशन ने म्युनिसिपल कमिश्नर मनीषा आव्हाले से मुलाकात की और उल्हासनगर शहर के लोगों को हो रही अलग-अलग सिविल समस्याओं के बारे में एक निवेदन दिया। शहर में अधूरे ड्रेनेज पाइपलाइन के काम की वजह से आने वाले मॉनसून में बाढ़, बदबू और सेहत को होने वाले खतरों, शिव मंदिर इलाके में बेघर परिवारों, वेस्ट मैनेजमेंट में नाकामी और ट्रैफिक जाम जैसी समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई की मांग करते हुए एडमिनिस्ट्रेशन को आंदोलन की चेतावनी भी दी गई।

इसमें अमृत योजना-2 के तहत हो रही सड़क खुदाई के बारे में लोगों को साफ जानकारी देने की ज़रूरत पर भी ज़ोर दिया गया और चेतावनी दी गई कि प्रशासन को पारदर्शिता रखनी चाहिए, नहीं तो शहर के ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर गंभीर असर पड़ सकता है। डेलीगेशन ने शिव मंदिर इलाके में बिना कोई दूसरा इंतज़ाम किए करीब 30 परिवारों को बेदखल करने का मुद्दा भी उठाया और तुरंत पुनर्वास की मांग की।

इसके अलावा, उन्होंने पूरे शहर में फैली गंदगी पर अपनी नाराज़गी ज़ाहिर की और आरोप लगाया कि कोरनाक कंपनी शहर में वेस्ट मैनेजमेंट में फेल हो रही है। उन्होंने उन शिकायतों की भी जांच की मांग की कि ट्रैफिक कंट्रोल के लिए नियुक्त वार्डन अपनी ड्यूटी के बजाय वसूली में शामिल थे। उन्होंने यह भी मांग की कि सेंचुरी कंपनी के 11 करोड़ रुपये के टैक्स मामले की रिपोर्ट पब्लिक की जाए। इस बीच, डेलीगेशन ने मांग की कि प्रशासन सड़कों पर गैरेज और कार शोरूम की वजह से पैदा हुई रुकावटों को दूर करने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाए, नहीं तो वे कड़ा विरोध करेंगे। इस मीटिंग में ठाकरे ग्रुप के कल्याण ज़िला प्रमुख शरद पाटिल, राजेंद्र शाहू, शिवाजी जावले, भीमसेन मोरे, दिलीप मिश्रा, प्रशांत धांडे, महेश फुंडे और दूसरे पदाधिकारी मौजूद थे।

## मोबाइल और नकदी लेकर चोर फरार

**भिवंडी.** गायत्रीनगर इलाके में घर के बाहर सो रहे एक युवक के घर में अज्ञात चोर घुसकर मोबाइल फोन और नकदी लेकर फरार हो गए. पुलिस के अनुसार, गायत्री नगर निवासी सोमचंद छेदीलाल पटेल (26) अपने घर के दरवाजे को खुला छोड़कर बाहर चटाई बिछाकर सो रहे थे.इसी दौरान किसी अज्ञात चोर ने मौका पाकर उनके पास रखा मोबाइल फोन और पैंट की जेब में रखी नकदी कुल कीमत करीब 45 हजार रुपये की चोरी कर फरार हो गए.

# SST महाविद्यालय के NSS स्वयंसेवक का वर्ल्ड यूथ पार्लमेंट के लिए चयन



**उल्हासनगर.** एस.एस.टी. कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) विभाग के स्वयंसेवक जेरिन अब्राहम का चयन वर्ल्ड यूथ पार्लमेंट 2026 के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन 24 से 26 मार्च 2026 के दौरान बेंगलुरु में आयोजित किया गया है।

कर्नाटक सरकार के युवा सशक्तिकरण एवं खेल विभाग द्वारा तथा क्षेत्रीय एनएसएस निदेशालय, बेंगलुरु के सहयोग से यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज (UAS), बेंगलुरु में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में विभिन्न देशों के युवा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जहां वैश्विक स्तर पर नेतृत्व, नीति निर्माण और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

जेरिन अब्राहम के चयन से एस.एस.टी. महाविद्यालय के एनएसएस विभाग के कार्य का गौरव बढ़ा है। उनकी इस सफलता के पीछे महाविद्यालय का मार्गदर्शन, एनएसएस गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता तथा सामाजिक प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, ऐसा उन्होंने बताया।

महाविद्यालय की ओर से जेरिन अब्राहम को बधाई दी गई है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं।

# हरिद्वार में 'एक ओंकार धाम पैलेस' का उद्घाटन





■ **संत महात्मा शामिल**

**हरिद्वार.** उल्हासनगर कैंप-3 के प्रसिद्ध धन गुरु नानक दरबार ढेरा, संत बाबा थाहरिया सिंह साहेब दरबार (संत बाबा मेहरवान सिंह दरबार) द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हरिद्वार महायात्रा का भव्य आयोजन किया गया। सोमवार, 23 मार्च से प्रारंभ हुई इस हरिद्वार-वृंदावन महायात्रा के तीसरे दिन, बुधवार 25 मार्च को धन गुरु नानक शाह धर्मशाला परिसर में महान रागी संत बाबा चिमंजीत सिंह जी (दिल्ली वाले) द्वारा भव्य कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु संगत उपस्थित रही और गुरु नानक देव जी की जय जयकार से पूरा नगर कीर्तन में 'धन गुरु नानक ' की गूंज से झूम उठा हरिद्वार वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसी क्रम में संत बाबा थाहरिया सिंह साहेब दरबार द्वारा हरिद्वार में निर्मित तीसरी धर्मशाला 'एक ओंकार धाम पैलेस' का संतों महात्माओं के करकमलों से भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। यह आलीशान धर्मशाला श्रद्धालुओं की सुविधा और सेवा भाव को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। इसके पश्चात दरबार के गादीसर भाईसाहब जसकीरत सिंह जी (जसू भाईसाहेब) एवं भाईसाहब त्रिलोचन सिंह जी (टिल्लू भाईसाहेब) के मार्गदर्शन में धन गुरु नानक धर्मशाला से हर की पौड़ी तक भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन में संत समाज की विशेष उपस्थिति रही, वहीं देशभर से हरिद्वार पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगर कीर्तन के दौरान पूरा हरिद्वार 'धन गुरु नानक' और 'जय झूलेलाल' के जयघोष से गूंज उठा, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। गुरुवार को दरबार साहेब द्वारा हर की पौड़ी पर शाही स्नान का आयोजन किया गया है, जिसमें हजारों श्रद्धालु एक साथ गंगा में आस्था की डुबकी लगाए.

# 4 महीने से लापता भाई अपने परिवार से मिला

■ **ठाणे मनोरोगी अस्पताल की कोशिशें रंग लाई**



**ठाणे.** मनोरोगी अस्पताल के अथक प्रयास से मुंबई में लापता बिहार के एक युवक को चार महीने बाद उसके परिवार से मिलाने में कामयाबी हासिल की है। मेडिकल इलाज के साथ-साथ सोशल सर्विस डिपार्टमेंट की लगन और पुलिस के तालमेल से यह दिल को छू लेने वाला मिलन मुमकिन हो पाया। 7 नवंबर, 2025 को युवक मुंबई के मरीन ड्राइव इलाके में मानसिक रूप से परेशान हालत में मिला था। पुलिस ने उसे इलाज के लिए ठाणे मनोरोगी अस्पताल में भर्ती कराया। शुरू में वह बिल्कुल चुप था। युवक का इलाज मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. नेताजी मुलिक की देखरेख में किया गया। अस्पताल के स्टाफ ने इस मरीज़ को ठीक करने के लिए लगातार बातचीत करने की कोशिश की। कुछ दिनों बाद, मरीज़ ने बताया कि उसका नाम सुरेंद्र शर्मा (बदला हुआ नाम) है और वह बिहार के छपरा ज़िले का रहने वाला है। इसके बाद, सोशल सर्विस सुपरिटेंडेंट सतीश वाघ ने तुरंत बिहार पुलिस से कॉन्टैक्ट किया और दाउदपुर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर कुंदन कुमार से कोऑर्डिनेट किया। जांच के दौरान, एक ज़रूरी बात सामने आई कि मरीज़ का परिवार अभी बिहार में नहीं था, बल्कि दिल्ली में बस गया था। पुलिस ने मरीज़ की फ़ोटो सोशल मीडिया पर शेयर कीं। यह जानकारी देखकर, एक लोकल आदमी ने मरीज़ के भाई रितेश का कॉन्टैक्ट नंबर पुलिस को दिया। 13 जनवरी, 2026 को वीडियो कॉल के ज़रिए मरीज़ की पहचान हुई। चूंकि उस समय मरीज़ पूरी तरह ठीक नहीं था, इसलिए डॉक्टरों ने इलाज पूरा होने के बाद ही उसे परिवार को सौंपने का फ़ैसला किया। हाल ही में, मरीज़ की हालत में सुधार होने के बाद, उसके भाई रितेश को अस्पताल में भर्ती कराया गया और दोनों फिर से इमोशनल माहौल में मिले। रितेश ने अपनी भावनाएँ ज़ाहिर करते हुए कहा, मेरा भाई पहले दिल्ली से लापता हो गया था, लेकिन ठाणे साइकियाट्रिक हॉस्पिटल ने उसे ढूंढ़कर हम पर बहुत बड़ा एहसान किया।

# ठाणे ट्रैफिक राइडर्स 46 छात्रों के लिए बने देवदूत



■ **ठाणे ट्रैफिक विभाग का इंसानियत भरा सराहनीय कार्य**

**ठाणे.** ट्रैफिक पुलिस विभाग ने 10वीं और 12वीं के परीक्षा के दौरान छात्रों को समय पर परीक्षा सेंटर तक पहुंचाने के लिए जो खास 'राइडर्स' पहल शुरू की थी, उससे 46 स्टूडेंट्स का शैक्षणिक साल बच गया है। 10 फरवरी से 18 मार्च तक स्कूल और कॉलेज एरिया में ट्रैफिक को ठीक से रेगुलेट करने के साथ-साथ,विभाग ने ट्रैफिक राइडर्स के ज़रिए छात्रों को समय पर परीक्षा सेंटर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। इस बीच, ठाणे पुलिस की इस नेक पहल की पेरेंट्स भी तारीफ कर रहे हैं।

10वीं और 12वीं के परीक्षा के दौरान छात्रों को समय पर परीक्षा सेंटर तक पहुंचाने के लिए, ठाणे पुलिस आयुक्तालय में ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ. ज्ञानेश्वर चव्हाण के गाइडेंस में यह पहल शुरू की गई। शहर के अलग-अलग हिस्सों में ट्रैफिक जाम, गाड़ी खराब होने, लोकल ट्रेनों में देरी की वजह से देर से पहुंचने वाले छात्रों की मदद के लिए 54 राइडर्स तैयार रखे गए थे। छात्रों के लिए ट्रैफिक कंट्रोल का WhatsApp नंबर 7039003866, साथ ही हेल्पलाइन नंबर 8286300300 और 8286400400 भी उपलब्ध कराए गए थे। इसके अलावा, 18 ट्रैफिक यूनिट्स में भी कॉन्टैक्ट की सुविधा दी गई थी। इस सुविधा को पेरेंट्स और छात्रों से तुरंत रिस्पॉन्स मिला। 10 फरवरी को क्लास XII के पहले पेपर के दिन कंट्रोल रूम को 25 कॉल्स आए, जबकि एक कॉल अगले दिन आया। 17 फरवरी को ट्रैफिक राइडर्स ने ठाणे, कलवा और नवी मुंबई MIDC इलाकों में अलग-अलग एक्सीडेंट्स की वजह से लगे ट्रैफिक जाम में फंसे 4 छात्रों को समय पर परीक्षा सेंटर पहुंचाया। साथ ही, 7 मार्च को अंबरनाथ के दो छात्र लोकल ट्रेन समय पर न मिलने की वजह से रेलवे स्टेशन पर फंसे रहे। इस बारे में कॉल मिलते ही,सहायक पुलिस आयुक्त किरण बलवडकर ने ट्रैफिक राइडर्स के ज़रिए 'ग्रीन कॉरिडोर' का इंतज़ाम किया और उन्हें दूसरे रास्ते से कल्याण के परीक्षा सेंटर तक पहुंचाया। इससे उन छात्र का शैक्षणिक साल बर्बाद होने से बच गया। 10 फरवरी से 18 मार्च तक कुल 46 एग्जामिनर्स की मदद की गई, जो ठाणे ट्रैफिक विभाग के लिए गर्व की बात बन गई है।ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट ने ट्रैफिक पुलिस के जवानों, राइडर्स और अधिकारियों के इस नेक काम की खास तौर पर तारीफ़ की है। इस बीच, ऐसी कोशिशें सिर्फ़ ट्रैफिक मैनेजमेंट तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि देश के भविष्य यानी युवा शक्ति के भविष्य के लिए पुलिस की तेज़ और संवेदनशील सेवा का प्रतीक बन गई हैं।

# बोमन ईरानी ने ट्रम्प से मांगा गैस सिलेंडर



■ **ईरानियों से बातचीत बयान पर कसा तंज**

■ **कहा- मैं तैयार हूं**

एक्टर बोमन ईरानी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरानियों से बात वाले बयान पर मजाकिया अंदाज में रिएक्ट किया और यहां तक कि उन्होंने ट्रम्प से गैस सिलेंडर लाने को भी कहा।

बोमन ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया। जिसमें उन्होंने कहा, "जैसा कि आप जानते हैं, यह बात वायरल हो रही है कि मिस्टर डोनाल्ड ट्रम्प ईरानियों से बात करना चाहते हैं और तीन लोगों को बुलाया गया है,स्मृति ईरानी, अरुणा ईरानी और मैं यानी बोमन ईरानी। मैं तैयार हूं। हम शांति के लिए कुछ भी कर सकते हैं।"

बोमन ने आगे कहा, "मेरी सिर्फ एक शर्त है कि मैं वॉशिंगटन नहीं जाऊंगा। उनकी टीम यहां मुंबई के दादर पारसी कॉलोनी आए। हम उन्हें उनकी पसंद का खाना खिलाएंगे, धानसक और कस्टर्ड खिलाएंगे और अगर ट्रम्प गैस सिलेंडर भी ले आएं, तो मुझे लगता है कि सबके लिए जिंदगी बहुत आसान हो जाएगी।"

■ **वेस्ट एशिया में तनाव जारी**

वेस्ट एशिया में हालात अब भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान के साथ बातचीत चल रही है और जल्द समाधान हो सकता है, लेकिन पेंटागन 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के सैनिकों को मिडिल ईस्ट भेजने की तैयारी में है।

22 मार्च को ईरान की ओर से दागी गई बैलिस्टिक मिसाइलों से इजराइल के अराद और डिमोना शहरों में 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इन हमलों में रिहायशी इलाकों को भारी नुकसान पहुंचा।

राहत और बचाव दल पूरी रात घायलों की मदद और मलबा हटाने में जुटे रहे। अस्पतालों में कई लोगों का इलाज किया गया, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई गई।

# अंबरनाथ में 2500 दिनों से गरीबों में भोजन वितरण





■ **कोरोना काल से गरीबों में आज तक बांटा जा रहा भोजन**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में एक सामाजिक संस्था रघुवंशी द्वारा कोरोना काल से जारी गरीबों, जरूरतमंदों में मुफ्त में भोजन वितरण का सिलसिला आज भी जारी है. आज 7 वर्ष बीत जाने के बाद भी यहां पर दोपहर में दर्जनों वृद्ध, बेरोजगार युवक, बच्चे भोजन के लिए आकर बैठ जाते हैं. इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए विकास हेमराज एवं राहुल हेमराज ने बताया कि मार्च 2021 में कोरोना में शुरू होने के बाद लॉकडाइन लागू होने से गरीबों को खाना नहीं मिल रहा था. उस समय हमने भोजन का पैकेट बनाकर जरूरतमंदों को भोजन बांटना शुरू किया था. उस समय हजारों की संख्या में लोगों को रोजाना भोजन दिया जाता था. मार्च 2026 में पूरे सात वर्ष बीत जाने के बाद भी लोगों में दोपहर में दाल, रोटी, चावल और तरकारी का भोजन परोसा जाता है. शहर पश्चिम में न्यू कालोनी में ये भोजन वितरित होता है. राहुल ने बताया कि दिवाली व अन्य त्यौहारों में जरूरतमंदों में मिठाई भी वितरित की जाती है. विकास और राहुल ये दोनों भाइयों ने बताया कि जब तक वह जिंदा हैं, तब तक वह ये नेक काम करते रहेंगे. लगभग 2500 दिनों से गरीबों में रोजाना भोजन वह वितरित कर रहे हैं.




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099